**सं. I-28011/23/2015-समन्वय (भाग-II)**

**भारत सरकार**
**कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय**
**कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग**

**नार्थ ब्लाक नई दिल्ली**
**दिनांक 4 अगस्त, 2017**

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ का स्मरणोत्सव मनाने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय का संदर्भ देने और यह कहने का निदेश हुआ है कि किसी राष्ट्र की विकास यात्रा में बहुत-से ऐसे पल होते हैं जो उसके इतिहास की दिशा में मूलभूत परिवर्तन कर देते हैं। भारत छोड़ो आंदोलन ऐसी ही एक घटना थी जिसे 'अगस्त क्रांति' आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है जो 9 अगस्त, 1942 का शुरू हई थी।

2. भारत के स्वतंत्रता संग्राम में 'भारत छोड़ो आंदोलन' एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत के गांव-गांव और शहर-शहर से लोग सभी बाधाओं को पार करते हुए एकजुट हुए और उन सबका एक ही मिशन था - साम्राज्यवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना। भारत छोड़ो आंदोलन के 5 वर्ष पश्चात् 15 अगस्त, 1947 को भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। इस वर्ष हमारा देश भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा और अब से 5 वर्ष बाद अर्थात् अगस्त 2022 में हम एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में 75 वर्ष पूरा करेंगे।

3. वर्ष 2017 से 2022 तक की यह पांच वर्षों की अवधि एक नए भारत के निर्माण के लिए **'संकल्प' से 'सिद्धि'** का विशेष अवसर प्रदान करती है। अतः, 15 अगस्त, 2017 को **'संकल्प पर्व' अथवा डे आफ रिजाल्व** के रूप में मनाया जाएगा और वर्ष 2022 में हमारा राष्ट्र निश्चित रूप से इस संकल्प को सिद्धि अथवा प्राप्ति में परिवर्तित कर देगा। यह पांच वर्ष की अवधि परिवर्तन की एक ऐसी ज्योति प्रज्जवलित करेगी जिससे ऐसे भारत का निर्माण होगा जिस पर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को नाज होता। इसलिए, आइए हम सब उसी जज्बे के साथ मिलकर काम करें जिस जज्बे के साथ 1942 से 1947 तक की पांच वर्षों की अवधि के दौरान लाखों भारतीयों ने काम किया था। आइए कामना करें कि 9 अगस्त से यह महीना **'संकल्प से सिद्धि-अंटेनमेंट थ्रू रिजॉल्व'** के एक नए जन आंदोलन के आरंभ की शुरूआत का अग्रदूत बनें।

जारी----

4. निम्नलिखित कुछ ऐसी गतिविधियां हैं जिन्हें व्यक्तिगत/संगठनात्मक/स्थानीय स्तरों पर क्रियान्वित किया जा सकता है:

**(क) प्रतिज्ञाः**

इसकी शुरुआत एक प्रतिज्ञा से होती है- एक नए भारत के निर्माण की प्रतिज्ञा जो मजबूत, संपन्न तथा समावेशी होगा; एक भारत जिस पर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को नाज होगा।

प्रत्येक भारतीय को एक नए भारत का निर्माता बनाने के लिए यह सबसे उपयुक्त समय है। अपने **'मन की बात'** कार्यक्रम के दौरान **माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा था, 'अगस्त के इस महीन में, भारत छोड़ो आंदोलन के महीने में आओ हम सब मिलकर प्रतिज्ञा करें: गंदगी -भारत छोड़ो; गरीबी- भारत छोड़ो; भ्रष्टाचार - भारत छोड़ो; आंतकवाद - भारत छोड़ो; जातिवाद - भारत छोड़ो; सम्प्रदायवाद - भारत छोड़ो!'** इस भावना के साथ आइए नए भारत का निर्माता बनने के लिए www.newindia.in पर चलें, संकल्प करें, प्रतिज्ञा करें। आइए अन्य लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। इस प्रतिज्ञा का पाठ सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा साझा किया जाएगा।

**(ख) भारत छोड़ो क्विजः**

माननीय प्रधानमंत्री का यह दृढ़ विश्वास है कि **"संकल्प से सिद्धि"** अतीत की प्रेरणा के बिना संभव नहीं है और भारत का एक ऐसा राष्ट्र है जो इतिहास के पन्नों से ऐसी प्रेरणा से ओत-प्रोत है। अतः, यह हमें भारत छोड़ो आंदोलन, इसके नायकों और इतिहास के हिस्से के विषय में और अधिक जानने का एक अनोखा अवसर प्रदान करता है, जो आपको अवश्य ही आकर्षित करेगा।

मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय द्वारा भारत छोड़ों क्विज़ आरंभ किया जा रहा है। **'नरेन्द्र मोदी मोबाइल एप'** पर भी एक क्विज उपलब्ध होगा जिससे भारत छोड़ो आन्दोलन के बारे में भारत के युवाओं को जानकारी प्राप्त होगी। इस प्रकार भारत के युवाओं को बड़ी संख्या क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते हुए देखना आश्चर्यजनक अनुभव होगा।

**(ग) 'न्यू इण्डिया मंथन' : नए भारत के लिए अपना विचार साझा करें।**

सर्वोत्तम विचार-विमर्श से दृढतम संकल्प का जन्म होता है। **'नव भारत मंथन'** एक नए भारत के लिए एकजुट होने, साथ-साथ विचार-विमर्श करने तथा एक साथ काम करने की नींव

जारी....

डालने का सबसे अच्छा तरीका है। **'नव भारत मंथन'** बहुत आसान है - इसके लिए केवल एक स्थान की जरूरत होती है जहां सभी आयु-वर्ग के ऐसे लोग एकत्र हो सकें जो बौद्धिक रूप से उद्दीपक ऐसी चर्चाओं में भाग लें कि वर्ष 2022 में भारत कैसा होना चाहिए। ऐसी चर्चाओं के बाद ठोस प्रयास किए जाने चाहिए ताकि चिह्नित प्रयासों को मूर्त रूप दिया जा सके। टीम के रूप में और सहयोगपूर्व ढंग से काम करने का यह सर्वोत्तम संभव तरीका है।

**(घ) कारण: जिसके लिए आप स्वयं को समर्पित करना चाहें**

भारत को अभी बहुत कुछ करना है! आज भारत को प्रत्येक भारतीय के कौशल एवं शक्ति की जरूरत है। यह स्थान उन मुद्दों को समर्पित है जो 125 करोड़ भारतीयों के अभिलाषा को पूरा करते हैं। अतः **'नए भारत'** के लिए अपने विचारों को साझा करें, विभिन्न कार्यक्रमों की तलाश करें, प्रतियोगिता में भाग लें और विभिन ऑनलाइन गतिविधियों से जुड़े रहें। www.newindia.in पर जाएँ और 'कॉज सेक्शन' से खुद को जोडें और ऐसे कारण का पता लगाएं जो आपको प्रेरित करते हों। 'कॉज डिअर टू यू' सेक्शन में कोई भी व्यक्ति ऐसे कारणों का सृजन कर सकता है जिसके प्रति वह भावप्रवण हो और दूसरों को भी इससे जोड़ सकता है। इसलिए यदि कोई राष्ट्रीय हित में या राष्ट्रीय हित वाले किसी कारण के प्रति भावप्रवण हो तो उससे भी वेबसाइट www.newindia.in से जुड़ने के लिए कहा जा सकता है। यदि 125 करोड़ भारतीय 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस मनाते हैं और 15 अगस्त के दिन नए भारत को पाने की दिशा में प्रयास करने का संकल्प लेते हैं तो कोई ताक़त हमें रोक नहीं सकती। आइये हम सब साथ मिलकर काम करें और **'संकल्प से सिद्धि'** के इस आंदोलन को सफल बनायें।

5. तदनुसार सभी मंत्रालयों/ भारत सरकार के विभागों से अनुरोध है कि इस कार्यालय ज्ञापन में सुझाई गई गतिविधियों के भाव एवं ज़ज्बे को तत्वत: और भावत: कार्यान्वित करने के लिए इसका भरपूर प्रचार करें।

राजेश्वर 04/8/2017

**(राजेश्वर लाल)**
अवर सचिव, भारत सरकार,
दूरभाष सं. 011-23094579
ई मेल :- rajeshwar.lal@nic.in

सेवा में,
सभी मंत्रालय/भारत सरकार के विभाग